newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २३ | अंक - ७ | ४ से १० मार्च २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## महिलाओं को परमानेंट कमिशन

सुप्रीम कोर्ट ने कोस्टगार्ड मामले में महिलाओं को परमानेंट कमिशन देने का फैसला सुनाया है, जिससे सुरक्षा ढांचे पर पलटी पितृसत्तात्मक सोच पर चोट पहुंची। यह फैसला जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी का एक महत्वपूर्ण कदम है। एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने देश के सुरक्षा ढांचे के अंदर पलती पितृसत्तात्मक सोच पर कडी चोट की है। इस बार मामला कोस्टगार्ड से जुडा है। हालांकि अभी फैसला नहीं आया है, मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होनी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के रुख ने इतना तय कर दिया है कि कोस्टगार्ड में महिलाओं को परमानेंट कमिशन देने में अब और टालमटोल नहीं किया जा सकेगा। सशस्त्र बलों का अनुभव : इस संबंध में अचरज की बात यही है कि महिला-पुरुष बराबरी को लेकर देश-दुनिया में चल रहे विमर्श से हमारे सरकारी ढांचे का कोई हिस्सा इस कदर उदासीन कैसे हो सकता है। ध्यान रहे कि सशस्त्र बलों में बराबरी का व्यवहार पाने का महिलाओं का संघर्ष भी इसी दौर में चला। सुप्रीम कोर्ट ने २०२० के फैसले में आर्मी को निर्देश दिया कि महिलाओं को परमानेंट कमिशन देना होगा। अदालत ने इसके खिलाफ दी जाने वाली सारी दलीलों को खारिज कर दिया। मिलती-जुलती दलीलें : बावजूद इसके, कोस्टगार्ड से जुडे इस मामले में भी मिलते-जुलते से तर्क सुनने को मिले। मिसाल के तौर पर, कहा गया कि कोस्टगार्ड की फंक्शनिंग सेना या नौसेना से अलग है। ठीक ही अदालत ने इस तरह की दलीलों के विस्तार में गए बगैर ही उन्हें यह कहते हुए काट दिया कि २०२४ में फंक्शनल डिफरेंस वाले तर्क नहीं चलेंगे। चाहे जो भी डिफरेंस हो और जो भी बाधाएं हों, महिलाओं को परमानेंट कमिशन देना ही होगा। जाहिर है, अब आगे बात इस पर नहीं होगी कि यह देना है या नहीं, मसला सिर्फ यह होगा कि कैसे देना है। जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी : सवाल यह भी है कि जब सशस्त्र बलों में यह मामला उठा था, तब भी कहा गया था सरकार को जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी बनाने की पहल करनी चाहिए। मगर ऐसा लगता है कि सरकार की ओर से इस दिशा में कोई खास सार्थक प्रयास नहीं हुए। वरना सर्वोच्च अदालत के सामने फंक्शनल डिफिकल्टीज गिनाने की कवायद में लगने के बजाय यह बताया जाता कि उन बाधाओं को दूर करने में कितनी कामयाबी मिली है। शानदार उपलब्धियां : वैसे सुप्रीम कोर्ट ने भी साफ कर दिया है कि यह मामला याचिकाकर्ता तक सीमित नहीं है, लेकिन अगर मिसाल के तौर पर इस खास मामले का जिक्र करें तो भी इंडियन कोस्टगार्ड में पायलट के तौर पर १४ साल के अपने कार्यकाल के दौरान याचिकाकर्ता ने समंदर में ३०० जानें बचाईं। उनके खाते में ४५०० फ्लाइंग आवर्स दर्ज हैं जो सशस्त्र बलों में महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में सबसे ज्यादा है।

# मीरा-भायंदर में फर्जी ऑटोरिक्शा की भरमार

## पुलिस प्रशासन बेखबर ?

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : मीरा भाईंदर वैसे तो अवैध निर्माण के लिए बदनाम है. साथ ही अनैतिक कार्य का धंधा भी खूब फल फुल रहा है. अब यहां अवैध रुप से चल रहे कुछ ऑटो रिक्शा का मामला भी सामने आया है. रिक्शाचालक बिना लाइसेंस व बैच के बेधडक चल रहे है. ये रिक्शाचालक यातायात पुलिस और पुलिस के आला अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहे है. बताया जाता है कि भाईंदर पूर्व में स्टेशन के सामने रात १२ बजे के बाद ज्यादातर ऑटो रिक्शा चालक बिना लाइसेंस और बैच के चलते है इसके साथ ही सभी ऑटोचालक तीन की जगह ५ सवारी तक बैठाते है. इस ऑटो चालकों और सवारियों के बीच कहासुनी भी हो जाती है. बे लगाम रिक्शाचालक कभी कभी मारपीट पर भी उतारु हो जाते है. इसी तरह अवैध रुप ऑटोरिक्शा चालकों का झुंड मॅक्सेस मॉल के स्टैंड पर भी नजर आता है. ये सभी यातायात पुलिस की मिली भगत से बिना लाइसेंस बैच के चलने के साथ ही ४ से ५ सवारी तक बैठाते है. यदि किसी सवारी ने विरोध किया तो मारपीट तक करने पर उतारु हो जाते है. यातायात पुलिस की नजर सिर्फ वसूली पर रहती है. इन्ही पुलिस की मिलीभगत से अवैध रुप से ऑटोरिक्शा चालक चलते है. गोल्डन सर्कल पर तैनात पुलिसवालों की नजर वसुली पर होने के कारण उनके सामने से रोजाना अवैध ऑटोरिक्शा चल रहे है लेकिन कोई करवाई नहीं करते है. इसी तरह काशीमीरा पुलिस क्षेत्र में




फाउंटन व काशिमीरा नाका पर रात में चलनेवाले ज्यादातर ऑटोरिक्शा अवैध रुप से चलाए रहे है लेकिन पुलिस मौन रहती है.

## आगामी चुनाव के आचार संहिता से पूर्व हेलीपैड बनाने के लिए ठेकेदार को भेजा

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भायंदर पश्चिम के एकमात्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान में बनाए जा रहे पक्के हेलीपैड का सर्वदलीय नेताओं ने कडा विरोध किया और हेलीपैड के कार्य को रोक दिया. दरअसल, शुक्रवार की सुबह रोजाना की तरह शहर के युवा जब सुभाषचंद्र बोस मैदान में खेलने के लिए गए तो मैदान में जेसीबी से खुदाई कार्य किया जा रहा था. खिलाडियों द्वारा विरोध किए जाने पर हेलीपैड का निर्माण कर रहे ठेकेदार ने इस कार्य का उसके पास आदेश होने की बात बताई गई. भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने ठेकेदार को फोन कर तुरंत कार्य बंद करने के लिए कहा. उन्होंने कहा कि यह मैदान मीरा - भायंदर मनपा की संपत्ति है, बिना मनपा के अनुमति के कार्य नहीं करें. विधायक गीता जैन ने भी मैदान पर हेलीपैड बनाए जाने का विरोध करते हुए जिलाधिकारी,



मनपा आयुक्त तथा ठाणे मनपा के सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को पत्र प्रेषित कर हेलीपैड के कार्य को शीघ्र बंद करने के लिए कहा. इस संबंध में भाजपा के १४५ विस क्षेत्र प्रमुख एड. रवि व्यास ने जब तहसीलदार से फोन पर पूछा तो उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के आदेश पर आगामी चुनाव के आचार संहिता से पूर्व हेलीपैड बनाने के लिए ठेकेदार को भेजा गया है. मनपा के सार्वजनिक निर्माण विभाग और स्थानीय पुलिस थाने में इस संदर्भ में पूछने पर उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर की. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश पर कार्यकारी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान में हेलीपैड निर्माण का आदेश ठेकेदार को दिया था. हालांकि ठेकेदार के पास इस बात का कोई लिखित कार्यादेश नहीं था. एड. रवि व्यास और पूर्व नगरसेविका रीटा शाह ने मैदान पर जाकर निर्माण कार्य को बंद कराया. एड. व्यास ने कहा कि भायंदर पश्चिम में यह एकमात्र खेल का मैदान है.

## आग की चपेट में केक शॉप जली, कोई हानी नहीं

मीरारोड: मुंबई - अहमदाबाद महामार्ग से मीरा - भायंदर शहर में प्रवेश के मुहाने पर काशीमीरा में स्थिति सनराइज होटल के बगल की केक शॉप में शुक्रवार दोपहर १२ बजे के आस पास अचानक आग लग गई. मनपा के अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने १५ मिनट के भीतर ही आग पर काबू पा लिया. आग की चपेट में आए पूरा केक शॉप जलकर राख हो गया. अग्निशमन विभाग के मुख्य अधिकारी प्रकाश बोराडे ने बताया की बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी. इसमें कोई जनहानि नही हुई है.



मीरा भायंदर शहर में कुछ ही दिनों के अंतराल में पहले उत्तन के डंपिंग ग्राउंड, उसके बाद गोल्डन नेस्ट स्थित आजाद नगर और अब केक शॉप में लगी आगजनी की तीसरी घटना से चिंता व्यक्त की जा रही है.

## उत्तन परिसर में विदेशी नागरिकों के घूसने से पुलिस की सतर्कता बढी

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर के उत्तन परिसर में घुसपैठ की महामारी शुरू हो गई है। उत्तन में म्यांमार के ८ संदिग्ध विदेशी नागरिकों के मिलने के बाद शहर की पुलिस चौकन्नह हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मीरा-भायंदर, वसई -विरार पुलिस आयुक्तालय की तरफ से २९ फरवरी को एक प्रेसनोट जारी कर रात १२ बजे के बाद धारा १४४ (१),(२) के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है, जो २८ अप्रैल २०२४ रात १२ बजे



तक लागू रहने वाला है। उत्तन सागरीय पुलिस स्टेशन की पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ संदिग्ध लोग क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस टीम तत्काल वहां पहुंची और ८ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ की गई तो पता चला कि वे सब म्यांमार के रहने वाले हैं, जिनके पास भारतीय होने का कोई डाक्यूमेंट नहीं था। वे यहां कैसे पहुंचे और किसकी मदद से आए हैं, इसकी जांच की जा रही है। उनका कहना है कि वे काम के सिलसिले में यहां आए हैं। यह भी पता चला है कि यहां बांग्लादेश, नेपाल व अन्य जगहों से भी लोग आते हैं। स्थानीय लोगों को हिदायत दी गई है कि ऐसे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## विधानसभा में विपक्षी विधायकों ने जमकर हंगामा किया

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन यानी शिंदे गुट के दो विधायकों के बीच विधानभवन में गैंगवॉर देखने को मिला। कर्जत के विधायक महेंद्र थोरवे राज्य के सार्वजनिक निर्माणकार्य मंत्री दादा भुसे से भिड गए और दोनों में जमकर जूतम पैजार शुरू हुई, जिसे देखकर शिंदे गुट के अन्य विधायकों ने मध्यस्थता करते हुए उन्हें अलग किया। इसका असर विधानमंडल के दोनों सदनों में दिखाई दिया। इस घटना की विपक्ष ने सदन में जमकर आलोचना की और कहा कि बाहर का गैंगवॉर विधानसभा की सीढ़ियों तक पहुंच गया।



इसी तरह विधान परिषद में विपक्ष ने जिद पकड़ ली कि इस राडे के पीछे का कारण स्पष्ट होना ही चाहिए। इसे लेकर विपक्षी विधायकों ने जमकर हंगामा किया। इससे विधान परिषद का कामकाज एक घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा। विधानभवन की लॉबी में दादा भुसे और महेंद्र थोरवे के बीच धक्का-मुक्की की खबरें मीडिया में आने के बाद विधानमंडल में बहस छिड़ गई। भूसे और थोरवे एक-दूसरे के साथ हाथापाई पर उतर आए थे। महाराष्ट्र के बजट सत्र में सत्ता दल और विपक्ष में जमकर भिडंत होने की संभावना थी, लेकिन कल सत्र का आखिरी दिन शिंदे गुट के दो विधायकों में हुए राड़े से काफी हंगामेदार हो गया। शिंदे गुट के विधायक ने मंत्री भुसे के साथ हाथा-पाई की। इतना ही नहीं भुसे को घूंसे लगाने वाला ही था कि शिंदे गुट के विधायक भरत गोगावले और मंत्री शंभुराज देसाई ने बीच-बचाव करके मामले को शांत कर दिया। उक्त हंगामे के बाद राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा शुरू हो गई है कि शिंदे गुट की सड़ांं बाहर आने लगी है। यानी गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है। बता दें कि शिंदे गुट के दोनों विधायकों के बीच हुई कथित हाथा-पाई का मामला सदन के दोनों सदनों में छाया रहा।

शेष पृष्ठ २ पर

## लोन दिलाने के नाम ठगी के शिकार

भाईदर : देश में जाल-साजिश, ठगी, अपराधिक मामले आए दिन सामने आते रहते है. ऐसे ही हाल ही में बोरिवाली का एक धोखा-धडी का केस सामने आया है, जहां पर एक लोन दिलाने वाली कंपनी ने वसई की एक कंपनी को लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपए ठग लिए इस पर कपंनी मालिक ने लोन दिलाने वाली कपंनी से वापस जब अपने पैसे मांगे तो कंपनी आलम-टाली करने लगी, काफी विवाद हुआ पर कंपनी को अपना पैसा नहीं मिला, आखिरकार परेशान होकर कंपनी ने अपनी आप-बीती कहानी हमारे जेकेएस संवादाता को बताई- मैं श्री राजू काशीराम हूं, जो फूल पाडा रोड विरार पूर्व में रहता हूं और मेरे कपंनी का नाम SIGNATIZE ELECTRONICS India PVT है। मैं अपने व्यवसाय के लिए एक जगह खरीदना चाहता था इसलिए मैंने दिनांक: जनवरी २०२१ को एक जगह खरीदने का फैसला किया। इसके लिए मुझे एक बडे लोन की आवश्यकता थी इसलिए मैंने बी-३०१, परवाना टॉवर, राम नगर, बस स्टॉप माघे, बोरीवली पश्चिम के श्री कपिलदेव दौलतराय पटेल और श्रीनिवास सत्यनारायण अम्बाती, १७, हवलदार चल, घर से संपर्क किया। ४, कामा रोड, गिल्बर्ट हिल, अंधेरी वेस्ट अचार बनाने वाले एजेंट से मिला और उसने मुझे आश्वासन दिया कि वह पहले से ही लोन हासिल करने पर काम कर रहा है और एक सरकारी बैंक से लगभग अठारह करोड का लोन मिलेगा। मुझे हासिल करने में मदद करें. फरवरी २०२१ को उन्होंने ३ महीने में लोन बांटने का वादा किया. उन्होंने आवश्यक दस्तावेज और कई परमिट लाकर उक्त कार्य करने का बीडा उठाया और मुझसे कहा कि कुल लागत १,२०,००,००० रुपये होगी। इसके लिए मैंने कई जगहों से कर्ज लिया और चुकाया।' मैंने उन्हें कुछ पैसे नकद और कुछ पैसे बैंक हस्तांतरण के माध्यम से भुगतान किए। इसके साथ ही यह जानकारी नीचे संलग्न है. और वे दोनों मुझसे झूठे वादे करते रहे इसलिए मुझे अपने लोन के लिए पहले ही एक और प्रक्रिया से गुजरना पडा। जब उनसे यह पूछा गया तो उन्होंने सबसे पहले निम्नलिखित उत्तर दिए: सायनाइस इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, वे मुझे पैसे लौटाने के लिए तैयार हो गए लेकिन पिछले कई दिनों से वे मेरे पैसे नहीं दे रहे हैं और अब वे मेरा फोन भी नहीं उठा रहे हैं। इसके अलावा, वह अंधेरी में परवाना टॉवर में रहते हैं और अगर हम उनके पास जाते हैं, तो उनके चौकीदार को हमें अंदर नहीं जाने देने के लिए कहा गया है। सर, मैंने इस लोन केस को चुकाने के लिए कई लोगों से भारी ब्याज पर पैसे उधार लिए हैं, इसलिए अब मैं कर्ज में डूब गया हूं। उक्त राशि मेरे लिए बहुत बडी है और मुझे अपने जीवन में एक अपूरणीय क्षति हो रही है। यदि मुझे उक्त रकम नहीं मिली तो मैं आत्महत्या कर लूंगा। साथ ही, अब मुझे विश्वास हो गया है कि इस धोखाधडी की योजना बनाई गई होगी और मेरे खिलाफ साजिश रची गई होगी। क्योंकि मुझे यह जानकारी मिली है कि उन्होंने फर्जी तरीके से अपने पैसे से गांव में मकान बनाया है और कुछ खेत-खलिहान भी खरीदे हैं. हालाँकि, मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि मेरे द्वारा भुगतान की गई राशि उन्हें वापस कर दी जाए और उचित कार्रवाई भी की जाए ताकि भविष्य में उनके द्वारा किसी और को धोखा न दिया जाए।

